प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 13.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ा महिलाओं का आत्मसम्मान, प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प को सराहा।
2. झारखंड हाईकोर्ट में संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर हुई सुनवाई, राज्य सरकार एक सप्ताह में राज्यपाल को भेजेगी लोकायुक्त पद के लिए अनुशंसा।
3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से की मुलाकात, रांची वन मंडल में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच और फॉरेंसिक ऑडिट की मांग।
4. रांची में संपन्न हुई दो दिवसीय माई भारत बजट क्वेस्ट, खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा–युवाओं का सशक्तीकरण ही सुनहरे भारत का आधार।

और

5. कोल्हान मुखिया सम्मेलन में सरकार की घोषणा–ग्राम सभाओं को और अधिक बनाया जायेगा सशक्त, विकास के लिए हर पंचायत को मिलेंगे 52 लाख रुपये।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्माविश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही हैं। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तीकरण और आत्मसम्मान का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प से आज देश की बेटियां विकास की ध्वजवाहक बन रही हैं।

****

रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन संबोधन का सीधा प्रसारण सुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताया। प्रधानमंत्री ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

****

उपराजधानी दुमका में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जोरदार स्वागत हुआ है।

****

ला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा निकाली। सांसद ढुल्लू महतो की उपस्थिति में जिला परिषद से मिश्रित भवन तक निकली इस यात्रा में महिलाओं ने केंद्र सरकार का आभार जताया। सांसद ढुल्लू महतो ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की इतनी बड़ी पहल हुई है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज रांची स्थित लोक भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान श्री मरांडी ने राज्यपाल को रांची वन मंडल से संबंधित विभिन्न अनियमितताओं के संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इन प्रकरणों की उच्चस्तरीय जांच और फॉरेंसिक ऑडिट कराने का आग्रह किया है।

****

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया है कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और घरेलू आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि कालाबाजारी रोकने के लिए अब ओटीपी आधारित वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर हुई सुनवाई में राज्य सरकार ने लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए एक सप्ताह में राज्यपाल को अनुशंसा भेजने की जानकारी दी है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक की खंडपीठ को बताया गया कि सूचना आयुक्तों के कुछ नाम पहले ही भेजे जा चुके हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।

****

रांची सहित देश के 17 केंद्रों पर आयोजित माई भारत बजट क्वेस्ट का आज समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड और बंगाल के एक हजार युवाओं ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि माई भारत युवाओं के सशक्तीकरण का सशक्त माध्यम बन रहा है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर समिति के सदस्यों ने मुलाकात कर निर्माण कार्य की प्रगति साझा की। मुख्यमंत्री ने मंदिर को ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए इसके सौंदर्यीकरण में सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

****

चाईबासा में आयोजित मुखिया सम्मेलन में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पंचायतों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत को विकास कार्यों के लिए जल्द ही 52 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। मंत्री ने पेसा कानून के तहत ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए मुखियाओं को ग्रामीण विकास की मुख्य कड़ी बताया।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत कुपोषण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों व गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

****

जमशेदपुर के तुलसी भवन में आयोजित ऑल इंडिया शोतोकान कराटे चैंपियनशिप में झारखंड ने बाजी मारी है। 22 स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि बंगाल दूसरे स्थान पर रहा। इस जीत में रांची के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण सहित 11 पदक जीते।

*******समाप्त*******